भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2066

जिसका उत्तर 19 दिसंबर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

एसबीआई शाखाएं खोलना

2066. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं की अपर्याप्त संख्या और इसके परिणामस्वरूप लोगों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए, सरकार का उक्त बैंक की कुछ शाखाएं खोलने का प्रस्ताव है ताकि लोगों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) और (ख): भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) की सूचनानुसार, बिहार के दरभंगा जिले में उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

जनसंख्या समूह	शाखाएं		ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी)/ बैंकिंग कॉरस्पांडेंट (बीसी)	
	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाएं	एसबीआई की शाखाएं	सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल सीएसपी/बीसी	एसबीआई की सीएसपी/बीसी
ग्रामीण	55	13	341	81
अर्ध शहरी	36	11	50	30
शहरी	59	10	13	11
कुल	**150**	**34**	**404**	**122**

साथ ही, दरभंगा जिले में स्थित एसबीआई का क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय (आरबीओ) और रिटेल एसेट क्रेडिट सेंटर (आरएसीसी) प्रशासकीय और ऋण संबंधी सहायता प्रदान करने के साथ बैंकिंग सेवाओं की प्रभावी पहुंच को सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी), बिहार ने यह सूचित किया है कि दरभंगा जिले में कोई बैंकरहित ग्रामीण केंद्र (यूआरसी) नहीं है।

******